nt>

Title: Need to improve telephone services in Bihar particularly in rural areas-Laid.

श्री राजो सिंह (बेगुसराय): बिहार में टेलीफोन की बुनियादी सुविधा का अत्यंत ही अभाव है। ज्यादातर ग्रामीण इलाके इस सेवा से अभी भी वंचित हैं। जिन ग्रामीण इलाकों में (MARR) टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी वहां यह अब बिल्कुल ही विफल है। एस.टी.डी. सुविधा की स्थिति भी ठीक नहीं है, इसका कारण यह है कि ज्यादातर ग्रामीण/शहरी इलाकों में विद्युत आपूर्ति ठीक नहीं होने के कारण वहां स्थित टेलीफोन एक्सचेंज निष्क्रिय हो जाते हैं। जिन एक्सचेंजों में ि वद्युत आपूर्ति के लिए जनरेटर की व्यवस्था कराई गई है वहां भी जब शाम को कर्मचारी चले जाते हैं तो शाम से सवेरे तक टेलीफोन एक्सचेंज प्रायः बंद रहता है। उपरोक्त स्थिति के मद्देनजर यह आवश्यक है कि बिहार के ग्रामीण इलाकों को शीघ्रातिशीघ्र डब्ल्यू.एल.एल./जी.एस.एम. के माध्यम से जोड़ा जाये तथा सभी टेलीफोन एक्सचेंजों में स्थाई रूप से वैकल्पिक बिजली सप्लाई की व्यवस्था जनरेटर या अन्य माध्यम से कराई जाए इसके अलावा जिन इलाकों में टेलीफोन की सुविधा ओवर हैड तार के माध्यम से की गई है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर ओ.एफ.सी. के द्वारा जोड़ दिया जाए। इंटरनेट की सुविधा गांव गांव तक उपलब्ध कराने की व्यवस्था कराई जाए। साथ ही पटना में विदेश संचार निगम लिमिटेड का इंटरनेशनल ग्रेटवे भी शीघ्रातिशीघ्र स्थापित कराया जाए। बिहार के सभी जिला मुख्यालयों में मोबाइल टेलीफोन की भी व्यवस्था कराई जाए।